राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

—: प्रेस—नोट :— **दिनांक :— 04.11.2015**

आयोग द्वारा दिनांक 31.10.2015 को आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2013 का प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 06—11—2015 को जारी कर दिया जाएगा। यदि किसी भी अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र में—हिन्दी/अंग्रेजी रूपान्तरण मे अंतर, एक से अधिक उत्तर विकल्प सही होना, सारे विकल्प गलत होना, पाठ्यक्रम से बाहर होना, प्रश्न दोषपूर्ण होना आदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06.11.2015 से दिनांक 13.11.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन आयोग की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। इन आपत्तियों के अतिरिक्त अन्य कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रश्न पत्र में वर्णित प्रश्नों के क्रमानुसार ही प्रश्नों पर प्रविष्टि करें। **आपत्तियाँ केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 06.11.2015 से दिनांक 13.11.2015 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाऐंगी। आपत्तियाँ केवल एक बार ही ली जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों के लिये पोर्टल rpsc.rajasthan.gov.in/examobjection या लिंक rpsconline.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं, को अभ्यर्थी क्लिक करें।** आपत्ति प्रामाणिक (Standard, Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन संलग्न करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

सचिव